अमर उजाला (Amar Ujala)

दिनाँक (Dated): 23/08/2024	पृष्ठ सं० (Page No). 01	क्रम सं०(Serial No.) 4

आईजीआई एयरपोर्ट का मामला

सीआईएसएफ जवान ने सीपीआर देकर बचाई जान

नई दिल्ली। आईजीआई पर सीआईएसएफ जवान ने वक्त पर सीपीआर देकर एक यात्री की जान बचा ली। वाकया 20 अगस्त का है। सीआईएसएफ के प्रवक्ता के मुताबिक, इंडिगो की फ्लाइट से श्रीनगर जा रहे यात्री अर्शीद अय्यूब टर्मिनल-2 परिसर में हैंड ट्रॉली स्टैंड के पास सुबह करीब 11 बजे बेहोश होकर गिर पड़े। तब त्वरित प्रतिक्रिया दल में तैनात जवान ने तुरंत यात्री को सीपीआर दी। इसके बाद उसे इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। कुछ दिन पूर्व आईजीआई एयरपोर्ट पर एक महिला चिकित्सक ने भी एक यात्री की सीपीआर देकर जान बचाई थी। ब्यूरो